राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.

पत्रांकः **076** /पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2026 दिनांक–09.09.2026

सेवा में,

प्राचार्य /कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर।

विषयः दिनांक 9 सितम्बर, 2026 से 8 अक्टूबर, 2026 तक 9वां "राष्ट्रीय पोषण माह" आयोजन करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के पत्र सं 15–1/रा.से.यो./क्षे.नि./लख./2026–27/8577–8717 दिनांकः 08 सितम्बर, 2026 के संदर्भ में आपको अवगत कराना है कि सचिव, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा महिलाओं और बच्चों के पोषण संबंधी सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए 9वां राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष 9वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 की मुख्य थीम **"हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी"** रखी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को सामूहिक स्वामित्व प्रदान करते हुए बाल विकास के लिए पोषण, देखभाल और शुरुआती प्रोत्साहन हेतु समुदाय–नेतृत्व वाली कार्रवाई स्थापित करना है।

पोषण माह 2026 की प्रमुख प्रस्तावित गतिविधियाँ / विषय (Themes):

1. **आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन (Dietary Diversity & Adequate Protein)**
2. **आंगनवाड़ी केंद्रों पर ताजा गरम पका हुआ भोजन (Fresh Hot Cooked Meals & HCM at Anganwadi Centres)**
3. **सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही (Community Ownership & Accountability)**
4. **बाल विकास के लिए पोषण और शुरुआती प्रोत्साहन (Nutrition and Early Stimulation for Childhood Development)**
5. **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY): मातृ स्वास्थ्य हेतु नकद हस्तांतरण (Cash Transfers for Maternal Health)**

अतः आप सभी कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने महाविद्यालयों/इकाइयों में निम्नलिखित दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें:

1. **दिनांक 9 सितम्बर से 8 अक्टूबर, 2026 की अवधि के दौरान उपर्युक्त विषयों पर आधारित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों (जैसे – व्याख्यान, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, स्वास्थ्य जांच एवं पोषण जागरूकता शिविर आदि) का आयोजन किया जाए।**
2. **आयोजित की जाने वाली समस्त गतिविधियों/कार्यक्रमों को My Bharat Portal ij 'Event Create' करके अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए।**
3. **आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत आख्या/रिपोर्ट (फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग एवं प्रतिभागी डेटा विवरण सहित) कार्यक्रम समापन के उपरांत या साप्ताहिक रूप से इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।**
4. **कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 9 सितम्बर 2026 को प्रातः 11:00 बजे से वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाएगा। इसे https://webcast-gov-in/mwcd पर देखा जा सकता है।**

भवदीय

डॉ0(शशिकांत यादव)
कार्यक्रम समन्वयक रासेयो

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव माननीय कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा(रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखंडी उ0प्र0 शसन लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,(रा0से0यो0को0)क्षेत्रीय निदशालय लखनऊ।
5. प्रभारी वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को वि0वि0 की वेबसाइट पर अपलोड करने का कश्ट करें।

भवदीय

04.05.20

डॉ0(शशिकांत यादव)
कार्यक्रम समन्वयक रासेयो